2/2015/ **महत्वपूर्ण**

संख्या– 81जीआई/नौ–5–2014–25सा/15

प्रेषक,

श्रीप्रकाश सिंह,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1– निदेशक,
नगरीय निकाय, उ0प्र0, लखनऊ।

2– नगर आयुक्त,
नगर निगम, वाराणसी।

3– अधिशासी अधिकारी,
नगर पालिका परिषद, रामपुर, कन्नौज, इटावा, मैनपुरी तथा आजमगढ़।

नगर विकास अनुभाग–5 लखनऊः दिनांकः 03 फरवरी, 2015

विषयः **एलईडी बेस्ड इनर्जी इफीसिएन्ट स्ट्रीट लाइट एण्ड डामेस्टिक लाइट कार्यक्रम** के अन्तर्गत Domestic Efficient Lighting Programme (DELP) तथा LED Street Lighting Programme को लागू करने संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक श्री प्रदीप कुमार सिन्हा, सचिव, भारत सरकार, विद्युत मंत्रालय, नई दिल्ली के पत्र संख्या– 1321/2015–ईसी, दिनांक 14.01.2015 (छायाप्रति संलग्न) का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा देश के 100 शहरों में Domestic Efficient Lighting Programme (DELP) तथा LED Street Lighting Programme को लागू करने की प्रकिया के कम में उत्तर प्रदेश के 4–5 शहरों को चयनित करने तथा विद्युत मंत्रालय तथा Energy Efficiency Services Limited (EESL) के साथ मध्यस्थता हेतु नोडल अधिकारियों को नामित किये जाने की अपेक्षा की गयी है।

2– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त कार्यक्रम को लागू करने हेतु सम्यक् विचारोपरान्त उत्तर प्रदेश के 06 नगरों यथा– **वाराणसी, रामपुर, कन्नौज, इटावा, मैनपुरी तथा आजमगढ़** को चयनित किया गया है तथा विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार व Energy Efficiency Services Limited (EESL) के साथ मध्यस्थता हेतु राज्य स्तर पर **निदेशक, नगरीय निकाय, उ0प्र0, लखनऊ** एवं नगरीय निकाय के स्तर पर संबंधित **नगर आयुक्त/अधिशासी अधिकारी** को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। तद्नुसार निदेशक, नगरीय निकाय विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नामित नोडल अधिकारी श्री सौरभ कुमार, प्रबंध निदेशक, ईईएसएल तथा निकाय स्तर पर नामित नोडल अधिकारियों के मध्य समन्वय स्थापित कर प्रकरण में अग्रेतर कार्यवाही प्राथमिकता पर सुनिश्चित करायेंगे तथा कार्यक्रम की प्रगति की मासिक आख्या नियमित रूप से शासन को उपलब्ध कराते रहेंगे।

संलग्नक : यथोक्त।

भवदीय,

3/2/2015

श्रीप्रकाश सिंह
सचिव।

संख्या– 81जीआई(1)/नौ–5–2014–25सा/15 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– श्री प्रदीप कुमार सिन्हा, सचिव, भारत सरकार, विद्युत मंत्रालय, नई दिल्ली को उनके पत्र संख्या– 1321/2015–ईसी, दिनांक 14.01.2015 के क्रम में।
2– श्री सौरभ कुमार, प्रबंध निदेशक, ईईएसएल, नई दिल्ली।
3– प्रमुख स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश।
4– महापौर, नगर निगम, वाराणसी।
5– अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, रामपुर, कन्नौज, इटावा, मैनपुरी तथा आजमगढ़।
6– जिलाधिकारी, वाराणसी, रामपुर, कन्नौज, इटावा, मैनपुरी तथा आजमगढ़।
7– गार्ड फाईल/कम्प्यूटर सेल, नगर विकास विभाग।

आज्ञा से,

(उमा शंकर सिंह)
संयुक्त सचिव।